# I-TERM EXAMINATION : 2022-23

**CLASS - XII (CBSE)**

**HINDI**

Time: 3 hrs. M.M.: 100

निर्देश – i) इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं– खण्ड– अ और ब।

ii) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

iii) सभी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमशः दीजिए।

**खण्ड–अ अपठित गद्यांश (खण्ड'–अ वस्तुपरक प्रश्न)**

Q.1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– [1×10=10]]

आधुनिक भारतीय भाषाएँ सुनकर आप इस भ्रम में न पड़े कि ये सभी आज की देन हैं। ये सभी भाषाएँ अति प्राचीन हैं। अनेक तो सीधे संस्कृत या वैदिक भाषा से जुड़ती हैं। ये इस अर्थ में आधुनिक हैं कि समय के साथ चलकर अतीत से वर्तमान तक पहुँची हैं और जीवंत तथा विकासशील बनी हुई हैं। उनके आधुनिक होने का एक कारण यह भी है कि आधुनिक विचारों को वहन करने में वे कभी पीछे नहीं रहीं। इनका साहित्य समय की कसौटी पर खरा उतरा है और ये सभी आधुनिक भारत की प्राणवायु हैं।

किसी भी भाषा का पहला काम होता है–दो व्यक्तियों या दो समूहों के बीच सम्पर्क स्थापित करने का माध्यम बनना। यह मानव समूहों के बीच सेतु का काम करती है। इसे चाहे प्रकृति की देन मानिए चाहे ईश्वर की, भाषा से बड़ी कोई देन नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में मानव की समस्त उपलब्धियाँ मूलतः भाषा की देन है।

जहाँ तक हिन्दी का प्रश्न है उसमें उपर्युक्त विशेषताएँ तो हैं ही साथ ही सबसे निराली विशेषता है– नमनीयता। इसमें स्वाभिमान है, अहंकार नहीं। हिन्दी हर परिस्थिति में अपने आपको उपयोगी बनाए रखना जानती हैं। यह ज्ञान और शास्त्र की भाषा भी है और लोक की भी, उत्पादक की भी और उपभोक्ता की भी, इसीलिए यह स्वीकार्य भी है।

i) आधुनिक भारतीय भाषाएँ सुनकर अक्सर लोगों को क्या भ्रम हो जाता है ? [1]

ii) लेखक ने आधुनिक भारतीय भाषाओं को आधुनिक भारत की प्राणवायु क्यों माना है ? [1]

iii) हिन्दी भाषा की क्या विशेषता है? [1]

iv) हिन्दी की नमनीयता से क्या आशय है ? [1]

v) कोई भाषा किनके मध्य पुल बनाने का कार्य करती है? [1]

vi) हिन्दी की स्वीकार्यता का क्या कारण है ? [1]

vii) हिन्दी की सबसे निराली विशेषता क्या है ? [1]

viii) विभिन्न क्षेत्रों में मानव की समस्त उपलब्धियाँ किसकी देन है ? [1]

ix) 'भारतीय' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय स्पष्ट कीजिए। [1]

x) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए। [1]

Q.2. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – [1 × 5 = 5]]

सहता प्रहार कोई विवश कदर्प जीव
जिसकी नसों में नहीं पौरुष की धार है
करुणा क्षमा हैं वीर जाति के कलंक घोर
क्षमता क्षमा ही शूरवीरों का शृंगार है
प्रतिशोध से ही होती शौर्य की शिखाएँ दीप्त
प्रतिशोध–हीनता नरों में महापाप है।
छोड़ प्रीति–वैर पीते मूक अपमान वे ही
जिनमें न शेष शूरता का ताप है।

i) क्षमा कब कलंक बन जाती है ? [1]

ii) किसकी नसों में पौरुष की धार नहीं है ? [1]

iii) क्षमता–क्षमा किसका शृंगार है ? [1]

iv) महापाप किसे कहा गया है ? [1]

v) उपयुक्त शीर्षक लिखिए। [1]

**अथवा**

यादें होती हैं गहरी नदी में उठते भँवर की तरह
नसों में उतरती कड़वी दवा की तरह
**या खुद के भीतर छिपे बैठे साँप की तरह**
जो औचक्के में देख लिया करता है,

यादें होती हैं जानलेवा खुशबू की तरह
प्राणों के स्थान पर बैठे जानी दुश्मन की तरह
शरीर में धँसे उस काँच की तरह
जो कभी नहीं दिखता
पर जब–तब अपनी सत्ता का
भरपूर एहसास दिलाता रहता है
यादों पर कुछ भी कहना
खुद को कठघरे में खड़ा करना है।
पर कहना मेरी मजबूरी है।

(i) कवि ने किसे जानी दुश्मन की तरह माना है? [1]
(ii) 'खुद पर कुछ न कहना' का क्या आशय है ? [1]
(iii) कवि ने यादों के लिए किन–किन विशेषताओं का प्रयोग किया है ? [1]
(iv) यादों के बारे में कुछ भी कहना कवि की मजबूरी क्यों है ? [1]
(v) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। [1]

## कार्यालयी लेखन

Q.3. निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए– [1×5=5]

i) जब रिपोर्टर घटना स्थल पर होता है, तो खबर का प्रारूप किस चरण में होता है ?
क) लाइव ख) फोन–इन ग) एंकर–बाइट घ) एंकर–पैकेज

ii) किसी बड़ी खबर को टी0वी0 पर किस रूप में दिखाया जाता है?
क) टीवी स्क्रीन के निचले हिस्से में ख) गौणरूप में
ग) ब्रेकिंग न्यूज के रूप में घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

iii) इंटरनेट पत्रकारिता को कहा जाता है–
क) ऑनलाइन पत्रकारिता ख) वेब पत्रकारिता
ग) साइबर पत्रकारिता घ) उपरोक्त सभी

iv) मुद्रित माध्यमों की विशेषता है–
क) छपे हुए शब्दों में स्थायित्व ख) चिंतन, विचार और विश्लेषण का माध्यम
ग) लिखित भाषा का विस्तार घ) उपरोक्त सभी

v) निम्न में से कौन–सा प्रमुख जनसंचार माध्यम है ?
क) प्रिंट मीडिया ख) इंटरनेट ग) टीवी व रेडियो घ) ये सभी

## पाठ्य–पुस्तक–आरोह

Q.4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए– [1×5=5]

हो जाए न पथ में रात कहीं
मंजिल भी तो है दूर नहीं–
यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी–जल्दी चलता है।
दिन जल्दी –जल्दी ढलता है।

i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि और कविता का क्या नाम है ?
क) कुँवर नारायण–कविता के बहाने
ख) तुलसीदास–कवितावली
ग) हरिवंशराय बच्चन–एक गीत
घ) रघुवीर सहाय–सहर्ष स्वीकारा है।

ii) कवि के मन में किस चीज़ की आशंका है ?
क) घर पहुँच पाने की
ख) घर न पहुँच पाने की
ग) घर पहुँचने से पहले ही रात हो जाने की
घ) यात्रा बिना रुकावट पूरी हो जाने की

iii) कवि किस आशा से प्रेरित हो उठता है ?
क) मंजिल के पास आने की
ख) कोई उसकी प्रतीक्षा नहीं कर रहा है
ग) मंजिल तक पहुँचने में बहुत समय शेष है।
घ) मंजिल तक पहुँचकर वह कुछ भी प्राप्त नहीं कर पाएगा।

iv) थका हुआ पथिक किसे पाने के कारण जल्दी–जल्दी चलता है ?

क) अपने साथी को     ख) अपने भोजन को

ग) अपने लक्ष्य को     घ) अपने स्वार्थ को

v) लक्ष्य को पाने की व्यग्रता के कारण कवि को कैसा प्रतीत होता है?

क) दिन ढल ही नहीं रहा है

ख) दिन जल्दी–जल्दी ढल रहा है

ग) दिन के बाद रात न ज़ाने कब आएगी

घ) उपर्युक्त सभी

Q.5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए– [1×5=5]

पैसे की व्यंग्य–शक्ति को सुनिए। वह दारुण है। मैं पैदल चल रहा हूँ कि पास ही धूल उड़ाती निकल गई मोटर। वह क्या निकली मेरे कलेजे को कौंधती एक कठिन व्यंग्य की लीक ही आर से पार हो गई। जैसे किसी ने आँखों में उँगली देकर दिखा दिया हो कि देखो, उसका नाम है मोटर और तुम उससे वंचित हो। यह मुझे अपनी ऐसी विडंबना मालूम होती है कि बस पूछिए नहीं। मैं सोचने को हो आता हूँ कि हाय, ये ही माँ– बाप रह गये थे जिनके यहाँ मैं जन्म लेने को था। क्यों न मैं मोटर वालों के यहाँ हुआ ? उस व्यंग्य में इतनी शक्ति है कि ज़रा में मुझे अपने सगों के प्रति कृतघ्न कर सकती है। लेकिन क्या लोक–वैभव की यह व्यंग्य शक्ति उस चूरन वाले अकिंचित्कर मनुष्य के आगे चूर–चूर होकर ही नहीं रह जाती ? चूर–चूर क्यों, कहो पानी–पानी। तो वह क्या बल है, जो इस तीखे व्यंग्य के आगे अजेय ही नहीं रहता, बल्कि मानो उस व्यंग्य की क्रूरता को ही पिघला देता है ?

i) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं ?

क) जैनेन्द्र कुमार     ख) धर्मवीर भारती

ग) फणीश्वर नाथ रेणु     घ) महादेवी वर्मा

ii) लेखक के अनुसार वह कौन–सी शक्ति है, जो अपने सगों के प्रति कृतघ्न कर सकती है?

क) बल की शक्ति     ख) बौद्धिक शक्ति

ग) पैसे की व्यंग्य शक्ति     घ) मोटर साइकिल की शक्ति

iii) लेखक के अनुसार धूल उड़ाती हुई मोटर गाड़ी हृदय पर क्या छोड़ जाती है ?

क) व्यंग्य लीक     ख) धूल     ग) अहंकार     घ) अपनत्व

iv) पैसे की व्यंग्य शक्ति किस शक्ति के आगे चूर–चूर हो जाती है ?

क) नैतिक सबलता     ख) धार्मिक विश्वास

ग) आध्यात्मिकता     घ) उपर्युक्त सभी

v) मोटरगाड़ी से वंचित होना लेखक को क्या प्रतीत होता है ?

क) प्रतिष्ठा     ख) बिडंबना     ग) आकर्षण     घ) निर्धनता

## पूरक पाठ्य–पुस्तक–वितान

Q.6. निम्नलिखित प्रश्नों में निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए – [10]

i) 'सिल्वर वैडिंग' पाठ में किशनदा कौन थे ?

क) यशोधर बाबू के आदर्श     ख) यशोधर बाबू के बड़े भाई

ग) यशोधर बाबू के मातहत     घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

ii) यशोधर बाबू ने मैट्रिक की परीक्षा कहाँ से पास की थी?

क) रेम्जे स्कूल, अल्मोड़ा     ख) डी.ए.वी. स्कूल, उत्तर काशी

ग) डीफेंस स्कूल, देहरादून     घ) इंफेंट्री स्कूल, वाराणसी

iii) किशनदा ने यशोधर पंत को क्या काम दिया था ?

क) आफिस ब्वॉय का     ख) चौकीदार का

ग) सर्विस ब्वॉय का     घ) मेस के रसोइए का

iv) आफिस में यशोधर बाबू ने पार्टी के लिए कितने रुपए दिए ?

क) दस     ख) तीस     ग) बीस     घ) चालीस

v) यशोधर बाबू को किशनदा के संदर्भ में किस बात का दु:ख था ?

क) उनका विवाह न होना     ख) उनके कोई पुत्र न होना

ग) उनका बुढ़ापा सुखी न होना     घ) उनकी पत्नी का रूढ़िवादी होना

vi) 'जूझ' कहानी के माध्यम से किसके संघर्ष को अभिव्यक्ति प्रदान की गयी है?

क) खेतिहर मजदूर के संघर्ष को     ख) आनंदा के जीवन के संघर्ष को

ग) गरीब माँ के संघर्ष को     घ) अय्याश पिता के संघर्ष को

vii) 'जूझ' कहानी में लेखक पढ़–लिखकर किसकी तरह कारोबार करना चाहता था ?
- क) दादा की तरह
- ख) विठोबा माण्णा की तरह
- ग) राव दत्ता की तरह
- घ) पिताजी की तरह

viii) 'जूझ' कहानी में आनंदा के पिता उसकी किस बात से नाराज होते हैं ?
- क) खेत में काम करने की बात से
- ख) पशुओं को चराने की बात से
- ग) पढ़ाई करने की बात से
- घ) उपरोक्त सभी

ix) 'जूझ' कहानी में लेखक के दादा के लिए क्या सम्माननीय था ?
- क) सौंदलगेकर का बुलावा
- ख) दत्ताराव देसाई का बुलावा
- ग) आनंदा का खेत पर जाना
- घ) गणपा का खेत पर जाना

x) लेखक ने माँ को पढ़ाई के बारे में किसकी सहायता लेने की बात की ?
- क) दत्ताराव की
- ख) दादा की
- ग) रखमाबाई की
- घ) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड–'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

### कार्यालयी हिन्दी और रचनात्मक लेखन

Q.7. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए– [6]
- क) बचत का महत्त्व
- ख) स्वच्छता की आवश्यकता
- ग) प्रतिदिन हो रही नैतिक मूल्यों की कमी
- घ) वृद्धाश्रमों की उपयोगिता

Q.8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए– [3×2=6]
- क) एंकर बाइट क्या है ?
- ख) टी वी के लिए खबर लिखने की बुनियादी शर्त क्या है ?
- ग) इंटरनेट क्या है? इसका प्रयोग किसलिए होता है ?

Q.9. निम्न प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए– [4×2=8]
- क) पत्रकारीय लेखन और साहित्यिक सृजनात्मक लेखन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
- ख) रेडियों की अपेक्षा टी0वी0 समाचारों की लोकप्रियता के कारण स्पष्ट कीजिए।
- ग) 'एंकर विजुअल' किसे कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

### पाठ्य–पुस्तक आरोह भाग–2

Q.10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50–60 शब्दों में लिखिए– [3×2=6]
- क) 'कविता के बहाने' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।
- ख) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' की आवृत्ति से कविता में क्या संकेत किया जा रहा है ?
- ग) 'आत्मपरिचय' कविता के आधार पर 'शीतल वाणी में आग' के होने का क्या अभिप्राय है ?

Q.11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए– [2×2=4]
- क) 'आत्म परिचय' कविता में कवि को संसार अधूरा क्यों लगता है ?
- ख) कविता और बच्चों के खेल में क्या समानता है ?
- ग) 'बात और भाषा परस्पर जुड़े होते हैं, किन्तु कभी–कभी भाषा के चक्कर में 'सीधी बात भी टेढ़ी हो जाती है' कैसे ?

Q.12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50–60 शब्दों में लिखिए– [3×2=6]
- क) लेखिका के कार्यों में भक्तिन किस प्रकार से सहायता करती थी ?
- ख) बाजार का जादू क्या है? इस जादू से बचने का सर्वोत्तम उपाय क्या है ?
- ग) 'काले मेघा पानी दे' के आधार पर जीजी की दृष्टि में त्याग और दान को परिभाषित कीजिए।

Q.13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए– [2×2=4]
- क) चूरन वाले भगत जी को लेखक अपने जैसे विद्वानों से भी श्रेष्ठ विद्वान क्यों मानता है ?
- ख) भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गयी ? स्पष्ट कीजिए।
- ग) वर्षा न होने पर गाँववासी कौन–कौन से उपाय करते हैं ? 'काले मेघा पानी दे' के आधार पर लिखिए।

श्रवण तथा वाचन [10]

परियोजना कार्य [10]

******